*This question paper contains 6 printed pages.* **Your Roll No.** ....................

| | | |
|---|---|---|
| *Sl. No. of Ques. Paper* | **: 212** | **G** |
| *Unique Paper Code* | **: 241358** | |
| *Name of Paper* | **: Income Tax Law – I** | |
| *Name of Course* | **: B.A. (Prog.) Tax Procedure and Practice** | |
| *Semester* | **: III** | |
| *Duration* | **: 3 hours** | |
| *Maximum Marks* | **: 75** | |

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिये गये निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिये।)*

NOTE:— *Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

**टिप्पणी:**—*इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Answer all questions. All questions carry equal marks.*

*सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. (a) Discuss the concepts of Assessment Year and Previous Year. What are the exceptions to the rule "Income earned in a Previous Year is taxed in the immediately following Assessment Year"?

निर्धारण वर्ष और पिछले वर्ष की संकल्पनाओं की विवेचना कीजिए। इस नियम के अपवाद क्या हैं— "पिछले वर्ष अर्जित आय पर तत्काल अगले निर्धारण वर्ष में कर लगाया जाता है।"? 10

(b) Mr. X was born in Lahore in 1946. Since 1980 he has been staying in Australia. He came to India on 2.9.2014 and returned on 31.3.2015. Determine his residential status for the assessment year 2015-16.

मिस्टर X का जन्म लाहौर में 1946 में हुआ था। 1980 से वह आस्ट्रेलिया में रह रहा है। 2.9.2014 को वह भारत आया और 31.3.2015 को वापस चला गया। निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए उसकी आवासीय स्थिति का निर्धारण कीजिए। 5

*Or* (अथवा)

(a) Define the term income as per Sec 2(24) of the Income Tax Act, 1961. Distinguish between Gross Total Income and Net Income.

आय कर अधिनियम, 1961 की धारा 2(24) के अनुसार 'आय' शब्द की परिभाषा दीजिए। सकल कुल आय और निवल आय में अंतर बताइए। 10

(b) Who is a super senior citizen under Income Tax Act, 1961? What are the tax rates applicable for a super senior citizen for the financial year 2014-15?

आय कर अधिनियम, 1961 के अंतर्गत अधिवरिष्ठ नागरिक कौन होता है? वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए अधिवरिष्ठ नागरिक के लिए कर की दरें क्या हैं? 5

2. (a) For the assessment year 2015-16, X receives the following income:

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Royalty earned in Nepal but received in India on May 17, 2014 | Rs. 96,000 |
| (ii) | Dividend from a foreign company received in India on July 1, 2014 | Rs. 1,05,000 |
| (iii) | Share of profit of a business, situated in Sri Lanka but controlled from India, received in Dhaka on June 10, 2014 | Rs. 82,000 |
| (iv) | Rent of 2014-15 of a house property situated in Sri Lanka and received there on December 7, 2014 | Rs. 1,85, 000 |
| (v) | Speculation profit earned and received outside India on May 15, 2015 | Rs. 93,000 |

Determine the Gross Total Income of X for the assessment year 2015-16, if he is (i) resident and ordinarily resident; (ii) resident but not ordinarily resident.

निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए X को निम्नलिखित आयें प्राप्त होती हैं:—

| | | |
|---|---|---|
| (i) | नेपाल में अर्जित रॉयल्टी किन्तु 17 मई 2014 को भारत में प्राप्त की गई | Rs. 96,000 |
| (ii) | विदेशी कंपनी से मिला लाभांश 1 जुलाई 2014 को भारत में प्राप्त हुआ | Rs. 1,05,000 |
| (iii) | एक व्यवसाय में लाभ का हिस्सा, जो श्रीलंका में स्थित है परन्तु भारत से नियंत्रित है, 10 जून 2014 को ढाका में प्राप्त हुआ | Rs. 82,000 |
| (iv) | गृह संपत्ति से 2014-15 में मिला किराया, जो संपत्ति श्रीलंका में है, 7 दिसंबर 2014 को श्रीलंका में ही प्राप्त हुआ | Rs. 1,85, 000 |
| (v) | सट्टे से कमाया लाभ 15 मई 2015 को भारत से बाहर प्राप्त हुआ | Rs. 93,000 |

X की सकल कुल आय निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए ज्ञात कीजिए यदि वह (i) आवासी और साधारणत: आवासी है, (ii) आवासी किन्तु साधारणत: आवासी नहीं है। 10

(b) Discuss provisions related to taxation of gratuity received by an assessee upon his retirement.

सेवानिवृत्ति पर निर्धारिती द्वारा प्राप्त की गई ग्रैचुइटी पर कराधान से संबंधित व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए। 5

*Or* (अथवा)

(a) Describe in detail the tax treatment of assessee's contributions to statutory provident fund and recognized provident fund.

सांविधिक भविष्य निधि और मान्यताप्राप्त भविष्य निधि में निर्धारिती द्वारा दिये गये योगदान पर कर किस प्रकार लगेगा, सविस्तार वर्णन कीजिए। 10

(b) Discuss 5 perquisites which are not chargeable to tax.

ऐसी पाँच आनुषंगिक लब्धियों की विवेचना कीजिए जिन पर कर नहीं लगता है। 5

3. Calculate Income from salary and tax liability of Ms Simpy Goel (age 40 years), working as a director in Tata Pvt. Ltd. in Bangalore (population is 12 Lakhs), for the assessment year 2015-16, given the following details:

| | | |
|---|---|---|
| (a) | Basic Salary | Rs. 12,500 p.m. |
| (b) | DA (forming part of salary) | Rs. 7,000 p.m. |
| (c) | CCA | Rs. 1,000 p.m. |
| (d) | Project Allowance | Rs. 750 p.m. |
| (e) | Fixed Medical Allowance | Rs. 250 p.m. |
| (f) | Servant Allowance | Rs. 400 p.m. |
| (g) | Overtime Allowance | Rs. 800 p.m. |
| (h) | Education Allowance | Rs. 600 p.m. |
| (i) | Hostel Allowance | Rs. 550 p.m. |
| (j) | Academic Research Allowance | Rs. 2,000 p.m. (Actual amount spent Rs. 1,000) |

(k) Ms. Goel and her employer each contribute 14% of salary towards RPF.

(l) She is provided with a rent free furnished accommodation. Fair Rental Value of the house is Rs. 1,40,000. Cost of furnishing Rs. 25,000.

(m) Free domestic servant (salary Rs. 600 p.m. per servant). She is provided two servants.

(n) Ms Goel has spent Rs. 12,500 towards medical expenses and she claims for re-imbursement. The treatment is given in a private hospital.

(o) Free mobile worth Rs. 8,000 was given as a gift.

(p) Rs. 2,000 Rs. 3,000 and Rs. 4,000 were paid by the employer towards club bill, hotel bill and LIC premium (for spouse of Ms Goel).

मिस सिम्पी गोयल (आयु 40 वर्ष) टाटा प्राइवेट लिमिटेड, बंगलोर में निर्देशिका के रूप में काम कर रही है। उसके वेतन और कर-दायित्व का निर्धारण वर्ष 2015-16 के लिए, निम्नलिखित विवरणों के आधार पर, परिकलन कीजिए:

| | | |
|---|---|---|
| (a) | मूल वेतन | 12,500 रु० प्रतिमाह |
| (b) | महँगाई भत्ता (जो वेतन का हिस्सा है) | 2000 रु० प्रतिमाह |
| (c) | CCA | 1000 रु० प्रतिमाह |
| (d) | परियोजना भत्ता | 750 रु० प्रतिमाह |
| (e) | स्थिर चिकित्सा भत्ता | 250 रु० प्रतिमाह |

| | | |
|---|---|---|
| (f) | नौकर का भत्ता | 400 रु० प्रतिमाह |
| (g) | समयोपरि भत्ता | 800 रु० प्रतिमाह |
| (h) | शिक्षा भत्ता | 600 रु० प्रतिमाह |
| (i) | छात्रावास भत्ता | 550 रु० प्रतिमाह |
| (j) | शैक्षिक अनुसंधान भत्ता | 2000 रु० प्रतिमाह (वास्तव में 1000 रु० प्रतिमाह खर्च किये गये) |

(k) मिस गोयल और उसके नियोक्ता प्रत्येक RPF में वेतन का 14% जमा कराते हैं।

(l) उसे किराया मुक्त सुसज्जित आवास प्रदान किया गया है। कर का उचित किराया मूल्य 1,40,000 रु० है। फर्निशिंग की लागत 25,000 रु० है।

(m) शुल्क मुक्त घरेलू नौकर (जिसका वेतन 600 रु० प्रतिमाह प्रति नौकर है) । उसे दो नौकर दिये गये हैं।

(n) मिस गोयल ने चिकित्सा व्यय में 12,500 रु० खर्च किए हैं और उसने प्रतिपूर्ति की माँग की है। उपचार एक प्राइवेट अस्पताल में कराया गया।

(o) निःशुल्क मोबाइल उसे उपहार में दिया गया जिसकी कीमत 8000 रु० है।

(p) क्लब के बिल, होटल के बिल और LIC प्रीमियम (मिस गोयल के पति के लिए) नियोक्ता द्वारा 2000 रु०, 3000 रु० और 4000 रु० दिये गये।

15

*Or* (अथवा)

Discuss provisions related to valuation of perquisites in respect of:

(a) Motor Car Facility

(b) Medical Facilities.

निम्नलिखित के बारे में अनुलाभ के मूल्यांकन से संबंधित व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए:

(क) मोटर कार सुविधा

(ख) चिकित्सा सुविधा। 15

4. Mr. X owns two houses. The first house is let out at a monthly rent of Rs. 5,000. During January and February 2015, the house remained vacant. The Municipal valuation and Fair Rental Value is Rs. 5,500 p.m. and Rs. 4,800 p.m. respectively. The house does not come under the Rent Control Act.

The second house whose Municipal valuation is Rs. 1,20,000 p.a. and Fair Rental Value is Rs. 1,15,000 p.a. is occupied by Mr. X himself. Municipal tax is to be calculated at the rate of 12.50% for first house and 15% for second house. Mr. X pays only 25% of the calculated Municipal tax of the first house. Calculate Mr. X's Income from House Property, on the assumption that one month rent is not realized for the first house in the previous year 2014-15, and for which all conditions are satisfied.

मिस्टर X के पास दो मकान हैं। पहला मकान 5000 रु० मासिक किराए पर उठाया गया है। जनवरी और फरवरी 2015 के दौरान मकान खाली रहा। म्यूनिसिपल मूल्यांकन और उचित मूल्य क्रमश: 5500 रु० प्रतिमाह और 4800 रु० प्रतिमाह हैं। मकान किराया नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत नहीं आता है।

दूसरा मकान, जिसका म्यूनिसिपल मूल्यांकन 1,20,000 रु० प्रति वर्ष है और उचित किराया मूल्य 1,15,000 रु० प्रतिवर्ष है, मिस्टर X ने स्वयं के रहने के लिए रखा है। म्यूनिसिपिल कर प्रथम मकान के लिए 12.50% की दर पर और दूसरे मकान के लिये 15% की दर से परिकलित करना है। मिस्टर X प्रथम मकान का परिकलित म्यूनिसिपल कर का केवल 25% ही देता है। मकान संपत्ति से X की आय का परिकलन कीजिए, यह मानकर कि पिछले वर्ष 2014-15 में पहले मकान के लिए एक माह का किराया आया नहीं हुआ है और इसके लिए सभी शर्तों की संतुष्टि है। 15

*Or* (अथवा)

(a) Discuss provisions related to treatment of Interest on borrowed capital while computing Income from House Property.

गृह संपत्ति से आय का अभिकलन करते समय उधार ली गई पूँजी की ब्याज पर कर से संबंधित व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए। 10

(b) Discuss provisions related to 'Unrealized rent'.

'न वसूले गए किराए' से संबंधित व्यवस्थाओं की विवेचना कीजिए। 5

5. Write short notes on any *three* of the following:

(i) Different types of admissible depreciation allowances

(ii) Expenses disallowed to a businessman in computing profits

(iii) Basis of chargeability of income under the head "Profits and Gains of Business or Profession"

(iv) Valuation of unfurnished rent-free accommodation provided by a non-government employer to his employees.

(v) Incidents of tax for Non-Resident Individuals

(vi) Encashment of Earned Leave.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए:

(i) स्वीकार्य मूल्यह्रास भत्तों की विभिन्न किस्में

(ii) लाभों के अभिकलन में व्यवसायी को अस्वीकृत खर्चे

(iii) 'व्यवसाय अथवा पेशे के लाभों और प्राप्तियों' के अंतर्गत आय पर कर लगाने का आधार

(iv) असुसज्जित किराया मुक्त आवास का मूल्यांकन जो ग़ैर-सरकारी नियोक्ता अपने कर्मचारियों को उपलब्ध कराता है

(v) ग़ैर-आवासी व्यक्तियों के लिए करबाह्यता

(vi) अर्जित अवकाश को रोकड़ मुनाफा। 15